अगर आपके पंख होते तो क्या करते आप?
अगर कोरोनावायरस नहीं आया होता तो अभी आप क्या कर रहे होते?

सोचिए सोचिए ..... सोचना, अंदाजा लगाना, कल्पना करना किसे अच्छा नहीं लगता? उसे एक दूसरे से share करना भी बहुत अच्छा लगता हैं पर अगर यहीं English में बोलना पड़ें तो कहीं ना कहीं hesitation होती है। उस समय लगता है काश मैंने भी कुछ tips जान लिए होते जिससे grammatical mistakes नहीं होती और मैं भी fluent English बोल पाती। तो अब ये काश वाला word अपनी dictionary से हटा दीजिए - सिर्फ अपनी कल्पना को बताने के लिए - क्योंकि हम अब सीखने वाले हैं कि किस तरह इन वाक्यों को सही बोले और अपनी Spoken के साथ साथ Written English को भी improve करें।

What would you do if you were rich? अगर आप अमीर होते तो क्या करते?
यह थोड़ा confusing sentence हैं। मैं क्या बोलना चाहती हूँ? यह questions actually आपसे 2 चीज़ें करने के लिए कह रहा है -
(1) imagine that you're rich (Imagine कीजिये कि आप अमीर है।)
(2) imagine what you will do as a rich person. (Imagine कि आप क्या करेंगे अमीर होकर।)

आप answer दे सकते हैं -
"If I were rich, I would buy a car!
"If I were rich, I would travel all over the world."

पर रुकिए, ज्यादा खुश मत होइए, यह सब एक कल्पना मात्र है। आप अमीर नहीं है। यह सिर्फ आपके दिमाग में हैं। English grammar, इस तरह के imaginary sentences को conditional sentences कहते हैं।
हम conditional sentences का use past, present और future की imaginary situations के बारे में बात करने के लिए करते हैं। हम conditionals का use उन situations को बताने के लिए भी कर सकते हैं जो भविष्य में शायद हो या ना हो, Past के उन actions को बताने के लिए जो बदली नहीं जा सकती।

ध्यान दीजिये conditionals कोई tense नहीं है।यह एक वाक्य संरचना है। Conditional is the adjective form of condition. इसका अर्थ है कि कोई दूसरी घटना होने से पहले कुछ necessary हो, या सच हो या कुछ होना जरूरी हो। A condition is something that you must do, or a situation that must exist, in order for something else to happen. It is something that must happen before a 2nd thing happens.

ये एक तरह के if clause होते हैं। आसान शब्दों में **अगर ऐसा होता तो वैसा होता या वैसा करते।** ऐसे वाक्यों को प्रयोग आये दिन हम अपनी बातचीत में करते हैं।

Conditional sentences में एक भाग condition (शर्त) को व्यक्त करता है और दूसरा भाग उस शर्त के पूरा होने या ना होने को व्यक्त करता है । In other words, Conditional sentences में सामान्यतः दो clauses होते है -
(1) 'If Clause' - जो condition (शर्त) को व्यक्त करती है
(2) 'Main / Principal Clause' - जो शर्त के पूरा होने या ना होने के बारे में बताती है।

(हमने जो अपने last lesson में clauses पढ़े थे, उस समय मैंने आपको कहा था कि यह हमारे आने वाले lessons का base हैं। तो अब आपको बता है कि clauses क्या होता हैं और जब हम main clause या dependent clause की बात करते हैं तो उनका meaning क्या हैं?)

**Zero Conditional Sentences**

अब हम एक situation लेते हैं -
अगर आपको बात करनी है किसी एक fact के बारे में या उन चीज़ों के बारे में जो generally सच होती है तो आप कैसे बोलेंगे। मान लीजिए आपको बोलना है कि
"जब आप बर्फ़ को गर्म करते हैं, वह पिघल जाती है।"
यह तो एक fact है कि जब भी आप ice को गर्म करते हैं तो वह melt हो जाती है। यहाँ पर 2 clauses हैं - (1) जब आप बर्फ़ को गर्म करते हैं और (2) वह पिघल जाती है. आपको यह भी याद है कि dependent clause के साथ ही हम conditional words जैसे if, when का use करते हैं। यहाँ पर dependent clause है - जब आप बर्फ़ को गर्म करते हैं (तो क्या होता है?)
ऐसे वाक्यों को English में बोलने के लिए हम दोनों ही clauses को simple present tense में बोलते हैं। -
"When you heat ice, it melts."

इस तरह के sentences को **zero conditional sentences** बोलते हैं। **Scientific facts are often covered by the zero conditional. The zero conditional uses if or when and must be followed by the simple present or imperative.**

ध्यान दीजिए If या When के साथ हमेशा आप condition वाले sentence का use करेंगे।
Structure
If clause (condition) **[50% possibility]**, Main clause (result) **[100% certainty]**
If + simple present, simple present
(If this thing happens, that thing happens.)

दूसरे शब्दों में अगर ऐसा होता है, तो वैसा होगा/ नहीं होगा।
अगर आप ice को गर्म करेंगे, वह पिघल जायेगी। Ice melts if you heat it./ When you heat ice, it melts.
अगर बारिश होती है तो घास गीली हो जायेगी। If it rains, the grass gets wet./ When it rains, the grass gets wet./ The grass gets wet if it rains./ The grass gets wet when it rains.

यहाँ पर आप इस बात से confuse मत होइए कि हिंदी sentence में जाएगा, जाएगी जैसे words use किये गए है। इसका अर्थ यह नहीं है कि आप future tense use करेंगे। बोलने से पहले एक बार आप ध्यान दें कि जो आप बोल रहे हैं वह क्या हमेशा ही सच होता है या एक fact है या एक Scientific facts (वैज्ञानिक तथ्य) है। अगर इन तीनो में से कोई भी है तो आप Zero Conditional sentences का use करेंगे जिसमें सिर्फ simple present tense का use होता हैं।

**अब कुछ और examples देखते हैं -**
अब अगर बारिश होती है तो ये सामान्य सी बात है कि ज़मीन गीली होगी ही। यह एक fact है। और अगर बारिश नहीं हुई तो धरती सूख जाएगी। ये दोनों ही बातें Scientific facts होने के साथ साथ एक general facts भी है। तो इस तरह के वाक्यों को बोलने के लिए आप ZERO Conditional sentences का use करेंगे। यानी if/ when clause में भी simple present tense का use करेंगे और main clause में भी।
If it doesn't rain for a long time, the earth gets very dry. अगर बहुत लम्बे समय तक बारिश नहीं होती, तो धरती बहुत सूख जायेगी।

If it rains for a long time, the earth gets wet. (अगर लम्बे समय तक बारिश होती है तो धरती गीली हो जायेगी।

यहाँ आपको English में **<u>तो</u>** word की english बोलने की जरूरत नहीं है ,यह understood है।
If you eat a lot, you put on weight. अगर आप ज्यादा खाते हैं, आप वजन बढ़ा लेंगे। (यह एक सामान्य सी बात है कि जब आप ज्यादा खाते हैं तो उसके result यही होगा।)
If you heat water to 100°, it boils. अगर पानी को 100° पर गर्म करते हैं, यह उबलेगा। (scientific fact है जिसे शायद ही कोई बदल सकता हैं।
If you freeze water, it becomes a solid. अगर पानी को freeze करते हैं, यह solid में बदलता है।
Plants die if they don't get enough water. पौधे मर जाते हैं अगर उन्हें पर्याप्त पानी न मिले।
If public transport is efficient, people stop using their cars. अगर public transport योग्य होंगे, लोग अपनी कारों को use करना छोड़ देंगे।
If you mix red and blue, you get purple. अगर आप लाल और नीला मिलाते हैं, आपको purple मिलेगा।

**जब कभी भी instructions देना चाहते हैं तब भी आप zero conditional का use कर सकते हैं। ऐसे वाक्यों को बोलते समय main clause में imperative  का use करते हैं।**
If Vandana phones, tell her to meet me near Church gate. अगर वंदना फोन करती है, तो उसे मुझसे चर्च गेट के पास मिलने को कहो।
Ask Manish if you're not sure what to do. मनीष से पूछें अगर आपको यकीन नहीं है कि क्या करना है।
If you want to come, call me before 5:00. यदि आप आना चाहते हैं, तो मुझे 5:00 बजे से पहले फोन करें।
Meet me here if we get separated. अगर हम बिछड़ जाते हैं तो मुझसे यहाँ मिलो।

इन सभी वाक्यों में  देखेंगे कि instructions दिए जा रहे हैं। हमेशा ध्यान रखें कि if/ when के साथ आप condition वाला sentence use करेंगे। दिए गए वाक्यों में देखिए
If Vandana phones, tell her to meet me near Church gate.
इस वाक्य में condition क्या हैं - If Vandana phones - इसलिए यह if के साथ आएगा।
और उसके result क्या होगा - tell her to meet me near Church gate - main clause होगा

**<u>First Conditional Sentence</u>**

अब अगर आपको ऎसी एक अवस्था को Describe करना जिसके होने की संभावना अत्यधिक है (90%से अधिक) यदि condition पूरी होती है तो, उस समय तो आप zero conditional sentences का use नहीं करेंगे।  इस बात को आप कुछ इस तरह समझिए
अगर आप किसी को बोलना चाहते हैं कि
"अगर मेरे पास समय होगा, मैं यह काम कर दूंगी।"
इस वाक्य में आप एक possible condition (ऐसी condition/ शर्त जो पूरी हो सकती है) और उसके संभावित result के बारे में। आप इसको इस तरह English में बोलेंगे -
If I have time, I'll finish this work.
इस sentence देखिये - संभव है कि मेरे पास time हो, और अगर यह हुआ तो मैं जरूर इस काम को करूंगी। यह एक real world के fact के बारे में हैं और  particular situation के बारे में।

अब अगर आपको बात करनी है possible plans, promises, warnings, threats और किसी को persuade करना है, तो आप कैसे बात करेंगे। यहाँ पर एक बात और ध्यान देने की है कि जब आप इस तरह की बात कर रहे हैं तो उसका result भी predict कर रहे हैं जो condition fulfill होने के बाद होगी

**1. Predictions (भविष्यवाणी)**

ये ऐसे sentence होते हैं जिनमें आप सोचते हैं कि future में आप क्या करेंगे। एक specific situation में क्या होगा और उसका result क्या होगा जैसे -

If you don't hurry, you'll be late for work.

If you stay out in the rain too long, you'll get sick!

If you eat too much chocolate cake, you'll get fat!

If I win the lottery, I'll buy a new house!

**2. Superstitions**

First Conditional sentences का use एक अंधविश्वास के बारे में बात करने के लिए भी किया जाता हैं। जैसे जब आपको बोलना हो कि अगर आप कांच तोड़ते है तो आपका 7 सालों तक bad luck होगा। इसे बोलने के लिए आप first conditional sentences का use करेंगे -

If you break a mirror, you will have 7 years of bad luck!

If you walk under a ladder, you will have bad luck!

If you find a four-leaf clover, you will have good luck!

**3. Future plans**

भविष्य के plans बनाने के लिए भी आप first conditional sentences का use कर सकते हैं। अगर कोई event या situation पहले होती हैं तो। जैसे अगर आप Paris जाते हैं तो आप वहां क्या क्या करेंगे। यहाँ पर आप पहले Paris गए हैं - event पहले हुआ है। वहां जाने के बाद आप shopping करेंगे, Eiffel Tower घूमेंगे, ये सब आप main clause में बताएँगे। If clause के साथ condition वाले sentence आते हैं और यहाँ condition है कि आप Paris गए तो। ....

If I go to Paris next month for work, I'll visit the Eiffel Tower

If you go shopping tomorrow, I'll go with you!

If you have an extra ticket, I'll go to the concert with you!

**4. Warnings and threats**

Warnings आने वाले खतरे या possible problem के बारे में होती है। जबकि threat एक धमकी है कि अगर अपनी किसी के कहे अनुसार नहीं किया तो वह आपको किसी तरह का नुकसान पहुंचा सकता है। जैसे -

Slow down! If the police catch you speeding, you'll get a ticket.

If you don't come to my birthday party, I'll never speak to you again.

If you say that again, I will hurt you!

**5. Persuasion**

किसी को कुछ करने के लिए प्रेरित करने के लिए भी first conditional sentences का use किया जाता हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा exam में अच्छे marks लाये तो आप कह सकते हैं -

If you score 90% marks, I will buy a remote control car.
If you take me to the mall, I'll buy you an ice cream.

**हम if clause को बाद में भी लगा सकते हैं। (Future Verb + If + Present Simple) जैसे -**

I will be annoyed if they don't arrive on time.
You will get a better job if you can speak English.
You will miss the bus if you don't hurry.
The dog will bite you if you pull its tail.

**First conditional sentences का structure कुछ इस तरह होता है -**
**If/when + present simple >>>>>>>> will + infinitive.**
**हम if या when की जगह unless, as long as, as soon as or in case का भी प्रयोग कर सकते हैं -**

I'll leave as soon as the your mother arrives. तुम्हारी माँ के आते ही मैं चली जाऊँगी।
यहाँ पर condition को as soon as के साथ दर्शाया गया है। इस sentence में condition है कि जैसे ही तुम्हारी माँ आती है। इसका संभावित result होगा - I'll leave. यहां पर एक बात यह भी ध्यान देने लायक है कि condition पूरी होने की पूर्ण संभावना है। कुछ और examples देखिये -

I'll give you a key in case I'm not at home.
You can go to the party, as long as you're back by midnight.

**First conditional sentences में हम main clause में simple future tense (will + 1st form of verb) की जगह modal verbs का भी use कर सकते हैं। यह हम result की degree of certainty, permission, or a recommendation दर्शाने के लिए करते हैं। जैसे -**
If you drop that glass, it might break.
I may finish that letter if I have time.
If he calls you, you should go.
If you buy my school supplies for me, I will be able to go to the park.

इसे और अच्छे तरीके से समझने के लिए आप इन दो sentences को compare कीजिये -
If you drop that glass, it will break. अगर आप उस गिलास को गिराते हैं, तो वह टूट जाएगा।
If you drop that glass, it might break. यदि आप उस गिलास को गिराते हैं, तो वह टूट सकता है।

पहले वाक्य में आप एक तरह से result/ outcome को fix कर रहे हैं कि यह होगा ही। अगर आप गिलास को गिराते हैं तो वह टूटेगा ही। जबकि दूसरे वाक्य में यह संभावना थोड़ी कम हो जाती है। हो सकता है गिलास टूट जाए या नहीं भी।

**First vs. Zero Conditional:**

अब एक question सबके मन में उठ रहा होगा कि कैसे हम Zero conditional sentences और First conditional sentences में differentiate करें। बोलते समय तो दोनों एक ही जैसे लगते हैं।
यह आपको practice से ही आएगा। आपको शुरुआत में बोलने से पहले एक दो seconds अपने आप को देना पड़ेगा ताकि आप सोच सकें कि आप क्या बोलना चाहते हैं। इन दोनों conditional sentences में एक अंतर है -

**First conditional एक particular situation के बारे में बात करता हैं जबकि Zero conditional बताता है कि in general क्या होता है।**

जैसे -
If you sit in the sun, you get burned. अगर आप धूप में बैठते हैं, तो आप जल जाते हैं। (जल जाते हैं मतलब आपकी skin जल जाती है, काली हो जाती है।)
यहाँ पर मैं बात कर रही हूँ in general क्या होता है उसके बारे में। जब भी आप या कोई और धूप में बैठते हैं तो skin काली पड़ जाती है। यह सबके साथ एक जैसा ही रहता है। the burning is a natural consequence of the sitting. इसलिए यहाँ हमने Zero conditional का use किया है।

लेकिन अगर आप कहते हैं -

If you sit in the sun, you'll get burned.
यहाँ पर मैं बात कर रही हूँ आज की। जो आज हो रहा है हो सकता है कल ना हो, कुछ और हो। आज आपकी skin जल जायगी पर हो सकता है कल ना जले। धूप कम हो  या कोई और भी reason हो सकता हैं।

मुझे उम्मीद है कि अब आपको इन दोनों के बीच का अंतर समझ आ गया होगा।

**हम class के last में जल्दी से recap कर लें कि आज हमने क्या सीखा है -**

<u>**Zero Conditional Sentences**</u>
अगर आपको बात करनी है किसी एक fact के बारे में या उन चीज़ों के बारे में जो generally सच होती है (Scientific facts) या जब कभी भी instructions देना चाहते हैं तो आप use करेंगे zero conditional sentences का। जैसे -
If you heat water to 100°, it boils. अगर पानी को 100° पर गर्म करते हैं, यह उबलेगा। (scientific fact है जिसे शायद ही कोई बदल सकता हैं। )
If Vandana phones, tell her to meet me near Church gate. अगर वंदना फोन करती है, तो उसे मुझसे चर्च गेट के पास मिलने को कहो। (instructions)

**Zero Conditional में if/ when clause के साथ simple present tense और main clause के साथ भी simple present tense का प्रयोग करते हैं -**
If it rains, the grass gets wet.

**<u>First Conditional Sentence</u>**

अगर आपको ऐसी एक अवस्था को Describe करना जिसके होने की संभावना अत्यधिक है (90%से अधिक) यदि condition पूरी होती है तो आप First Conditional  use करेंगे जैसे -

If I have time, I'll finish this work. (संभव है कि मेरे पास time हो, और अगर यह हुआ तो मैं जरूर इस काम को करूंगी। यह एक real world के fact के बारे में हैं और  particular situation के बारे में।)

अगर आपको बात करनी है possible plans, promises, warnings, threats और किसी को persuade करना है तो भी आप वाक्य First Conditional का use करके बोलेंगे जैसे -

If you don’t come to my birthday party, I’ll never speak to you again.

**First Conditional में if/ when clause के साथ simple present tense और main clause के साथ will + infinitive का प्रयोग करते हैं।** कभी कभी will + infinitive के स्थान पर modal verbs का भी use कर सकते हैं -

I'll leave as soon as the your mother arrives. तुम्हारी माँ के आते ही मैं चली जाऊँगी।

If he calls you, you should go.

हम अपनी next class में conditional sentences के बारे में ही और जानेंगे।